भारत सरकार

कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 637

उत्तर देने की तारीख 05 फरवरी, 2021

शुक्रवार, 16 माघ, 1942 (शक)

प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (□ीएमकेवीवाई) के अंतर्गत प्राप्त किए गए लक्ष्य

637. श्री सैयद नासिर हुसैन: श्रीमती फूलो देवी नेतम: श्री राजमणि □टेल: डॉ. एल. हनुमंतय्या:

क्या **कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने वर्ष 2020 में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के द्वितीय चरण के पूरा होने पर लक्ष्य के अनुसार 1 करोड़ युवाओं को सफलतापूर्वक प्रशिक्षित किया है;

(ख) यदि हां, तो प्रशिक्षित व्यक्तियों की संख्या सहित तत्संबंधी ब्योरा क्या है;

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(घ) पीएमकेवीवाई 2.0 के अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद कितने प्रशिक्षार्थियों ने रोजगार प्राप्त किया है;

(ङ) क्या प्रशिक्षार्थियों को रोजगार प्राप्त न होने के कारणों को समझने के लिए एक विश्लेशण किया गया है और मौजूदा प्रशिक्षण कार्यक्रमों की समीक्षा की गई है; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्योरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री राज कुमार सिंह)

(क) से (ग) जी हां। पीएमकेवीवाई (2016-20) के अंतर्गत 19.01.2021 तक देशभर में अल्पावधि प्रशिक्षण (एसटीटी) के तहत 46.21 लाख उम्मीदवारों को प्रशिक्षित किया गया है और पूर्व शिक्षण मान्यता (□ रपीएल) के तहत 60.68 लाख उम्मीदवारों को अभिमुख किया गया है।

(घ) इस स्कीम के अंतर्गत एसटीटी के तहत प्रमाणित उम्मीदवारों को नियोजन अवसर प्रदान किए जा रहे हैं। □ रपीएल में नियोजन करने का अधिदेश नहीं है क्योंकि यह पूर्व शिक्षण अनुभव अथवा कौशलों वाले उम्मीदवार को अभिमुख और प्रमाणित करता है। पीएमकेवीवाई (2016-20) के अंतर्गत 19.01.2021 तक अल्पावधि प्रशिक्षण (एसटीटी) पाठ्यक्रमों के तहत 46.21 लाख और 36.02 लाख उम्मीदवारों को क्रमश: प्रशिक्षित और प्रमाणित किया गया है। इन प्रमाणित उम्मीदवारों में से 18.95 लाख उम्मीदवारों को नियोजित किया गया है।

(ड.) और (च) नीति □ योग ने इस स्कीम का त्वरित □ कलन अध्ययन किया है। इसके अलावा, नीति □ योग पीएमकेवीवाई (2016-20) सहित केंद्रीय प्रायोजित स्कीमों का स्वतंत्र मूल्यांकन कर रहा है। मंत्रालय ने इस स्कीम के परिणाम अभिनिश्चित करने के लिए पीएमकेवीवाई 2016-20 का मूल्यांकन करने का भी निर्णय लिया है। इससे पीएमकेवीवाई 2016-20 के लिए नीति □ योग की मूल्यांकन रिपोर्ट के साथ तुलनात्मक विश्लेषण करने में मंत्रालय को मदद मिलेगी। इसके अतिरिक्त, पीएमकेवीवाई (2016-20) की कार्यान्वयन एजेंसी राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) ने भी चल रही प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 2016-20 के प्रभाव मूल्यांकन के लिए एक तृतीय पक्ष एजेंसी संबोधी अनुसंधान और संचार प्रा.लि. को नियुक्त किया है।

उपर्युक्त अध्ययनों और पीएमकेवीवाई 1.0 तथा 2.0 के कार्यान्वयन के अनुभवों के □ धार पर मंत्रालय ने 15.01.2021 को पीएमकेवीवाई का नया और संशोधित संस्करण अर्थात पीएमकेवीवाई 3.0 (2020-21) प्रारंभ किया है। पीएमकेवीवाई 1.0 और 2.0 के कार्यान्वयन से उपर्युक्त अध्ययन और सीख के □ धार पर, मंत्रालय ने 15.01.2021 को पीएमकेवीवाई अर्थात पीएमकेवीवाई 3.0 (2020-21) का नया और संशोधित संस्करण □ रंभलॉन्च किया है। राज्य/एसएसडीएम की अधिक से अधिक जॉब रोलों का प्रावधान किया गया है। स्कीम के तहत, उम्मीदवारों की सूचित पसंद/□ कांक्षाओं को प्रधानता दी गई है और उम्मीदवारों को स्थानीय नौकरियों के साथ स्थानीय कौशल का चयन करने का समर्थन करता है।

****